## रणजीत हवाई योजना बनेगी शिक्षा की नई पहचान

**लालसोट।** ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़े सपने देखने और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने की दिशा में खटवा निवासी धर्मेंद्र कुमार मीणा की अनूठी पहल "रणजीत हवाई योजना" को सर्वसमाज का समर्थन मिल रहा है। योजना के तहत लालसोट विधानसभा क्षेत्र और खटवा गांव के बोर्ड परीक्षा टॉपर विद्यार्थियों को पहली बार हवाई यात्रा कराकर दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों एवं प्रतिष्ठित शैक्षिणक संस्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। 14 जून को महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल से विधायक रामविलास मीणा विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह यात्रा केवल हवाई सफर नहीं, बल्कि ग्रामीण विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा देने का अभियान है । धर्मेंद्र मीणा ने बताया कि योजना का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा विद्यार्थियों को बड़े संस्थानों का अनुभव कराना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में भी यह योजना जारी रहेगी।

सर्वसमाज के सहयोग से यह पहल शिक्षा, प्रेरणा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए लालसोट क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की ओर अग्रसर है।

# सरकार की हर योजना में एक भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे : रामहेत यादव



पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कोटकासिम के घीघाका में शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया।

- कोटकासिम के गांव घीघाका में लगा शिविर राजस्व, कृषि, चिकित्सा, पशुपालन, ऊर्जा, जलदाय समेत 18 विभागों के कर्मचारी रहे मौजूद।

**कोटकासिम।** उपखंड क्षेत्र की ठााम पंचायत घीकाका में शुक्रवार को लगे ठाामीण सेवा शिविर में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने ठाामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। शिविर में पट्टे, पेंशन, कृषि उपकरण, पशु टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं मौके पर उपलब्ध कराई गईं।

शिविर के निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं जमीन स्तर तक जाएं और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उनका लाभ मिलना सुनिश्चित हो। उन्होंने स्टॉलों पर जाकर ठाामीणों से संवाद किया और योजनाओं के बारे में फीडबैक भी लिया।

शिविर में राजस्व विभाग, ठाामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, परिवहन विभाग, सहकारिता विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं भूजल विभाग, आयुर्वेद, सैनिक कल्याण विभाग और वन विभाग सहित सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर तहसीलदार धर्मेंद्र मीणा, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास यादव, सरपंच कुलदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष यशपाल शर्मा, महंत अशोक कौशिक, युवा नेता मुनेश यादव, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, ामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बजरी से भरा ट्रैक्टर दुकान में घुसा

**टोंक ।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार से बजरी से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली एक दुकान में घुस गई। इस दौरान तेज रफ्तार से आई ट्रैक्टर ट्राली ने एक मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया, वहीं दुकान में बैठे हुए लोग इस घटना में बाल बाल बच गए।

वह तो गनीमत रही कि ट्रैक्टर की रफ्तार को देखकर आसपास बैठे हुए लोग तत्काल हट गए, नहीं तो गंभीर हादसा हो सकता था, घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। एक ट्रैक्टर जो बजरी से भरी हुआ था, तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसा।

अचानक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर ट्राली को अपनी तरफ आते देखकर। वहां मौजूद आसपास के लोग तत्काल दुकान से हट गए, लेकिन एक बाइक उसकी चपेट में आ गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर चालक को तुरंत पकड लिया । लोगों ने बताया कि यहां आए दिन अवैध बजरी परिवहन का बाजार धड़ल्ले से चलता है। इसी तरह ट्रैक्टर ट्रॉलिया तेज रफ्तार से गुजरती रहती है, लेकिन पुलिस उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है, घटना से आसपास के लोगों में रोष व्याप्त है।

### सार-समाचार

## वाटर कूलर भेंट



**राजगढ़ ।** कस्बे के आर्य समाज मंदिर में शांति देवी आर्य पत्नी नंद सिंह आर्य की स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया। आर्य समाज मंदिर में वाटर कूलर लगने से श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को लाभ मिल सकेगा। लोकेश आर्य एवं कपिल आर्य ने बताया कि लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य एवं आचार्य पंडित विनोदीलाल दीक्षित की प्रेरणा से आर्य समाज मंदिर में वाटर कूलर भेंट किया। इसके लगने से आसपास के लोगों सहित आने-जाने वालों को लाभ मिल सकेगा। यह जानकारी आर्य समाज के मंत्री खेम सिंह आर्य ने दी।

## टसकोला में मोटर केबल चोरी से पेयजल संकट

**पावटा ।** उपखंड पावटा की ग्राम पंचायत टसकोला में अज्ञात चोरों द्वारा पेयजल व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। चोरों ने गांव में जलापूर्ति के लिए लगी थ्री-फेज मोटरों की केबल चोरी कर ली, जिससे पूरे क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो गई है और ठाामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत टसकोला सरपंच प्रतिनिधि भैरूलाल हुल्डा ने बताया कि 10 जून 2026 की रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने भैरू बाबा मंदिर बावडी के पास स्थापित तीन थ्री-फेज मोटरों की केबल काटकर चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे भीषण गर्मी के बीच ठाामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना प्रागपुरा पुलिस को दे दी गई है तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम पंचायत ने प्रशासन से जल्द नई केबल लगवाकर पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग भी की है। भैरूलाल हुल्डा ने बताया कि चोरों ने केवल पेयजल व्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सूरजकुंडा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा संचालित सौर ऊर्जा आधारित निमड़ी प्याऊ को भी निशाना बनाया है। वहां से करीब 70 फीट बिजली केबल एवं अन्य सामान चोरी कर लिया गया, जिससे सार्वजनिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है।

## लाभार्थियों को बांटे प्रमाण-पत्र

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविरों का शुक्रवार 12 जून को शुभारम्भ हुआ। उक्त षिविरां का आयोजन विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जायेगा। शुक्रवार को कोटपूतली उपखण्ड की ग्राम पंचायत देवता में ग्रामीण सेवा षिविर का शुभारम्भ किया गया। विधायक हंसराज पटेल ने शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विधायक हंसराज पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने मौके पर ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और स्वीकृति पत्र वितरित किये। विधायक पटेल ने ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आव्हान किया कि ठाामीण जागरूक बनें और इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें। ग्रामीणों को संबोधित करते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार का दृढ़ संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

## धरना प्रदर्शन आश्वासन पर समाप्त

**देवली** । यहां एडवोकेट नरेंद्र कुमार मीणा के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला आखिरकार उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप और निष्पक्ष जांच की कार्रवाई के मिले आश्वासन के बाद शांत हो गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मामले में जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद अधिवक्ताओं ने अपना धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। इस मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन और अभिभाषक संघ के बीच शांति से वार्ता हुई। इस वार्ता में एडवोकेट नरेंद्र मीणा के साथ हुई मारपीट और बदसलूकीके मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबन करने की मांग पर मिले आश्वासन के बाद अभिभावक संघ और अधिकारी के बीच सहमति बनी। उल्लेखनीय की अभी हाल ही में 3 दिन पहले मंगलवार को एडवोकेट नरेंद्र कुमार मीणा ने हनुमान नगर पुलिस थाने में कार्यरत दो पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाया था की उक्त पुलिसकर्मियों ने उन्हें जबरन वाहन में बैठाया और रास्ते में उनके साथ मारपीट करते हुए पुलिस थाने ले गए थे । इसी के साथ आरोप यह भी लगाया कि उन्हें थाने ले जाकर भी। प्रताड़ित किया गया था। इस मामले जब एडवोकेट नरेंद्र मीणा ने हनुमान नगर थाना प्रभारी को रिपोर्ट तो उक्त दौरान हनुमान नगर थाना पुलिस प्रभारी ने रिपोर्ट लेने से इनकार कर दिया था । यह जानकारी पीड़ित एडवोकेट मीणा ने मीडिया को दी। इसके बाद पीड़ित एडवोकेट ने अपने साथ हुई आप बीती की जानकारी जब देवली अधिवक्ता संघ को दी। इसके बाद देवली अधिवक्ता संघ आक्रोश व्याप्त हुआ और भारी आंदोलन का रुख अपना लिया । मामले की गंभीरता को देखते हुए भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कदम उठाते हुए प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हेड कांस्टेबल सुनील और कांस्टेबल दीपेंद्र को लाइन हाजिर कर दिया। लेकिनलेकिन इस कार्यवाही से अधिवक्ता संघ संतुष्ट नहीं हुआ। इसके बावजूद देवली शहर सहित टोंक जिले के समस्त अधिवक्ताओं ने दोषियों की गिरफ्तारी और अन्य संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर देवली थाने का घेराव कर दिया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया था कि जब तक कानूनी रूप से रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती अधिवक्ता संघ पीछे नहीं हटेगा । ऐसे मे शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी वकीलों का धरना जारी रहा।इस दौरान देवली थाना प्रभारी का कहना रहा कि उक्त घटना हनुमान नगर इलाके में हुई तो वहीं की पुलिस को इस पर कार्रवाई करनी होगी। लेकिन अधिवक्ता देवली थाने का मामला करार देते हुए यहां रिपोर्ट दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे।

### सार-समाचार

## छात्राओं की प्रतिभा की सराहना



**लालसोट।** पीएम श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट में संचालित अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर के अंतर्गत आयोजित "संवाददाता मीट टुगेदर" कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान रामचरण बोहरा, कमलेश आशिका, कमलेश त्रिवेदी, महेश बोहरा, रवि शर्मा, ओमप्रकाश पारीक (खटवा) एवं नरेंद्र शर्मा (रामगढ़ पचवारा) सहित अन्य संवाददाताओं ने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। पत्रकारों ने सिलाई, मेहंदी, नृत्य, इंग्लिश स्पोकन, कंप्यूटर एवं पार्लर प्रशिक्षण कक्षाओं का अवलोकन कर छात्राओं द्वारा तैयार किए गए कार्यों और फाइलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिविर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिविर प्रभारी गोविन्द सहाय शर्मा ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के तत्वावधान में संचालित इस शिविर में विद्यार्थी पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ विभिन्न कौशल सीख रहे हैं। शिविर में गोविन्द सहाय शर्मा, मुकेश पारीक, अनिल शर्मा, अनुराग प्रिय शर्मा, शोभरानी शर्मा, रेखारानी मीना, नविता गौतम एवं अरविंद मीणा अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं मास्टर ट्रेनर के रूप में योग गुरु गोपाल सिंह राजपूत, सलोनी शर्मा (सिलाई), हेमा सैनी (मेहंदी), सृष्टि शर्मा (नृत्य), पूजा मिरोठा (पार्लर) एवं अंकुश मेहरा (कंप्यूटर) विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं

## अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस आयोजित

**शाहपुरा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बालाजी मोटर्स आइशर बिदारा वर्कशॉप में एवं बालाजी मोटर्स अशोका लिलेंड उदावाला मनोहरपुर में अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर शिविर दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता संस्था के निदेशक सुरेश कुमार गुर्जर द्वारा की गई। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि बाल श्रमिकों से बेगार लेना कानूनी अपराध है। नालसा योजना बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत 4 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना दंडनीय अपराध है। खतरनाक कैमिकल फैक्ट्री,ईंट भट्टा पर 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं को नियोक्ताओं द्वारा श्रम के कार्यों में नियोजित करना भी प्रतिबंधित है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 सभी 4 वर्ष से 14 वर्ष के बालक बालिकाओं को अनिवार्य शिक्षा का निशुल्क अध्ययन का अधिकार दिया गया है। बाल- शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत माता-पिता द्वारा बच्चों को अपने परिवार की आजिविका के रोजगार में सम्मिलित करना भी अपराध है। बाल श्रम से पीड़ित बच्चों को के मार्गदर्शन में छात्रावासों में देखरेख की जाती है।

# शिविर में आमजन को राहत देने के निर्देश

- शिविर का आयोजन 15 जुलाई तक होगा

**सांभरझील,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों को प्रदत सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान एवं शहरी क्षेत्र को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु जनहित में शिविर में राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को समस्त सेवायें उपलब्ध करवाने तथा उनसे संबंधित अन्य प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर नागरिकों को राहत प्रदान करना हैं। यह अभियान 15 जुलाई तक संचालित किया जायेगा। अभियान का समय प्रातः 9.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक रहेगा। शिविर समय से आधा घण्टे पूर्व सभी अधिकारी शिविर में पहुंचकर सभी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर शिविर समय पर आरंभ कर देंगे एवं उसका विडियो अपलोड करेगें। शिविर में प्रमुख रूप से शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु सम्पूर्ण शहर की वृहद स्तर पर साफ-सफाई की व्यवस्था की जावेगी। सीसी/ डामर सड़क मरम्मत व पेच वर्क के कार्य किये जावेगें। शहरी निकायों में स्ट्रीट लाईटों को दुरस्त किया जावेगा एवं जन सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा, अन्धेरी/सुनसान सडकों पर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया जावेगा। नालियों की मरम्मत, फेरोकवर व मैन हॉल्स की मरम्मत, सीवर लाईन के लिकेज की मरम्मत के कार्य किये जावेगें। आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जावेगी। बताया गया है कि शिविर में अनुमोदित योजनाओं के पट्टे/69-ए, 54-ई 50-बी, 60-सी के अंतगर्त पट्टे / उपविभाजन-पुर्नगठन/भू-उपयोग परिवर्तन / नामान्तरण / खांचा भूमि/लीज मुक्ति प्रमाण पत्र/भवन निर्माण स्वीकृति आदि अन्य प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा साथ ही लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी किये जायेगे। विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं अन्य सार्वजनिक भवनों की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण का कार्य किये जावेगें अटल पेंशन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त कर आम जनता को लाभांवित किया जायेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना, कुसुम योजना के आवेदन प्राप्त किये जावेगें। पी. एम. स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम (संबंधित 173 निकायों में संचालित) के अन्र्तगत लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग कर केन्द्रीय सरकार की फ्लैगशिप सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन-धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मान-धन योजना, भवन निर्माण वर्कर का पंजीकरण, वन नेशन-वन राशन कार्ड, मातृ-वन्दना योजना का लाभ दिलाया जायेगा। शिविर में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए आम नागरिकों व स्टाफ के बैठने, बिजली, पानी, छाया, फोटोकॉपी मशीन आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

## चोरी के आरोप में फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में मालपुरा वृताधिकारी आशीष कुमार प्रजापत के सुपरविजन में डिग्गी थानाधिकारी गोपाल चौधरी द्वारा गठित टीम ने विशेष अभियान वांछित अपराधियों की लगातार धरपकड में कार्यवाही करते हुए आरोपी रामस्वरूप को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से सोने की मुरकी बरामद की गई तथा उसके साथ एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया है। इस घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल को जब्त किया जाकर बाद अनुसंधान के बाद बाल अपचारी को बाल सुधार गृह टोंक में दाखिल करवाया गया।

डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि घटना 5 जून की है, जिसमें परिवादी सवाईराम गुर्जर उम्र 90 साल निवासी बागर की ढाणी, डिग्गी से आरोपियों ने मध्य रात्रि को सोते हुये के कानों में पहनी हुई सोने की मुरकी तोडकर ले गये थे।

जिसके बाद थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। घटना में प्रयुक्त आरोपी शातिर एवं आपराधिक प्रवृति के है जो दिन में गांवों में मोटर साईकिल से घूमकर रास्तों व घरों की रैकी करते है।

# ग्रामीण सेवा शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, विधायक कुलदीप धनखड़ ने सुनी जनसमस्याएं

- प्रथम चरण के तहत शुक्रवार को ठााम पंचायत कारोली (उपखंड पावटा) तथा ठााम पंचायत कुहाड़ा (उपखंड विराटनगर) में शिविर आयोजित किए गए।
- शिविर में पंचायती राज, राजस्व, ऊर्जा, कृषि, जलदाय, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**पावटा।** राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत शुक्रवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविरों में आमजन ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत कारोली (उपखंड पावटा) तथा ग्राम पंचायत कुहाड़ा (उपखंड विराटनगर) में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, पावटा विकास अधिकारी नीलू सैनी, पावटा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, विराटनगर तहसीलदार लालाराम यादव सहित 22 विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रशासन को गांव-ढाणी तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाएं। शिविर में पंचायती राज, राजस्व, ऊर्जा, कृषि, जलदाय, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। विधायक धनकड ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली । इस दौरान जिला परिषद सदस्य सुरेश बड़बड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास शेखावत, संबंधित ठााम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने शिविरों में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए तथा सरकार की इस पहल को जनहित में उपयोगी बताते हुए सराहना की। शिविरों के माध्यम से राजस्व प्रकरणों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, विद्युत, पेयजल, कृषि एवं अन्य विभागीय मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, श्रवण सिंह संबंधित सरपंच सभी कैम्पों में मौजूद रहे।

# सरकार की उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ



टोंक में केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

**टोंक।** केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण का शुभारंभ शुक्रवार को सूचना केंद्र, टोंक में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व जिला प्रमुख सरोज बंसल, एडीएम विनोद कुमार मीणा तथा नगर परिषद टोंक की पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन ने किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इसे आमजन के लिए सरकार की योजनाओं व विकास कार्यों से अवगत कराने का प्रभावी माध्यम बताया। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण, युवा विकास, महिला सशक्तिकरण स्वास्थ्य, शिक्षा,ऊर्जा, सड़क निर्माण में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान केंद्र सरकार के सहयोग से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

एडीएम विनोद कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से आम जन तक सरकार के कार्यों को पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व शर्मा ने बताया कि यह प्रदर्शनी 13 में 14 जून को आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल, विनायक जैन, समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## उपजिला अस्पताल में रेबीज के मामले बढ़े

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर झुंड बनाकर घूम रहे आवारा कुत्तों के कारण आमजन का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है।

हालात यह हैं कि आए दिन लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस गंभीर समस्या पर अब तक कोई ठोस कदम उठाता नजर नहीं आ रहा। जानकारी के अनुसार उपजिला अस्पताल पावटा में 26 मई से 10 जून तक 15 दिनों में कुल 239 प्रतिदिन औसतन 10-12 लोग कुत्तों के काटने के बाद उपचार और एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं।

अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या नगर में आवारा कुत्तों की समस्या की गंभीरता को दर्शा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों, कामकाजी लोगों और शाम के समय टहलने निकलने वाले नागरिकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर कुत्तों के झुंड राहगीरों का पीछा करते हैं और अचानक हमला कर देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर 6 बच्चों को कराया बाल मजदूरी से मुक्त




निवाई में बाल तस्करी के विरुद्ध जनजागरूकता के उद्देश्य से जागरूकता रथ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलथुरिया ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

- सिकोईडिकोन, जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त कार्रवाई की

**निवाई।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था सिकोईडिकोन ने जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त सहयोग से 6 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। यह कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा जून माह को बाल श्रम के विरुद्ध एक्शन मंथ के रूप में मनाने संबंधी जारी निर्देशों के तहत की गई। सिकोईडिकोन से परियोजना समन्वयक देवेंद्र कुमार जांगिड ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार बाल मजदूरी की शिकायत वाले क्षेत्रों में जांच एवं संयुक्त अभियान चलाकर बच्चों को मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त निरीक्षण एवं बचाव अभियान संचालित किया गया, जिसके दौरान 6 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। सिकोईडिकोन के निदेशक पीएम पाल ने कहा शोषण और मजदूरी से मुक्त कराए गए प्रत्येक बच्चे के शिक्षा, सुरक्षा और गरिमा के अधिकार की आज पुनः बहाली हुई है। बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से वंचित कर देता है, इसलिए इस समस्या से तत्काल और प्रभावी ढंग से निपटने की आवश्यकता है।

इस दौरान अतिथियों ने बाल श्रम एवं बाल तस्करी के विरुद्ध जनजागरूकता के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न ठाामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह एवं बच्चों के अधिकारों से संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलथुरिया, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान, एएचटीयू प्रभारी देवेंद्र सिंह, कन्हैया एवं देविका, सिकोईडिकोन से परियोजना समन्वयक देवेंद्र कुमार जांगिड़, विमल, किरण शर्मा, राजेंद्र व बुधराम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।